प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 01.12.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग–भिलाई और कोरबा में जल्द शुरू होगी प्रधानमंत्री ई–बस सेवा।

2– छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए–एके–फोर्टी सेवन सहित कई हथियार बरामद।

3– एसीबी ने ट्रेन में गांजा तस्करी मामले में आरोपी आरक्षकों के विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की।

4– चक्रवात "फीजल" के असर से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज हुई बारिश–कल मध्य छत्तीसगढ़ और बस्तर संभाग में बारिश होने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>प्रधानमंत्री ई–बस सेवा</u>**

प्रदेश के चार शहरों – रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग–भिलाई और कोरबा में जल्द ही प्रधानमंत्री ई–बस सेवा शुरू होगी। इन चारों शहरों में कुल दो सौ चालीस ई–बसें संचालित की जाएंगी। प्रधानमंत्री ई–बस सेवा के तहत रायपुर के लिए सौ, बिलासपुर और दुर्ग–भिलाई के लिए पचास–पचास तथा कोरबा के लिए चालीस ई–बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य स्तर पर इसके लिए सूडा को नोडल एजेंसी तथा संबंधित जिलों में गठित अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि ई–बस सेवा शुरू होने से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण का संरक्षण होगा। कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता के साथ ही नागरिकों को आरामदायक आवागमन की सुविधा सुलभ होगी।

**<u>माओवादी समाचार</u>**

छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए हैं। मौके से एके–फोर्टी सेवन सहित कई हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए सभी माओवादियों की पहचान कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों को तेलंगाना के मुलुगु जिले के चलपाका इलाके के जंगलों में बड़ी संख्या में माओवादियों के एकत्र होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद तेलंगाना की ग्रेहाउंड्स फोर्स को मौके के लिए रवाना किया गया। जैसे ही सुरक्षा बल के जवान वहां पहुंचे, तभी माओवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

इधर, कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की टीम ने सात टिफिन बम और एक कुकर आईईडी बरामद किए हैं। ये विस्फोटक माओवादियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से अतखड़ियांपारा गांव के पास लगा रखे थे। बम निरोधक दस्ते की टीम ने सभी विस्फोटकों को निष्क्रिय कर दिया है।

वहीं, बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने छह जनमिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उसूर थाना क्षेत्र से कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम गलगम, नड़पल्ली और फुटापल्ली की ओर सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान नड़पल्ली और फुटापल्ली के जंगल से छह जनमिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से विस्फोटक, प्रतिबंधित माकपा माओवादी संगठन के प्रचार–प्रसार की सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद किया गया है।

**एसीबी–छापा**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने ट्रेन में गांजा तस्करी मामले में आरोपी तीन आरक्षकों के विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। टीम ने आज सुबह रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, गरियाबंद और कोण्डागांव में आरोपियों के घर और संबधित जगहों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई ट्रेन में गांजा तस्करी मामले के आरोपी जीआरपी के आरक्षकों के विरुद्ध आय से अधिक सम्पत्ति मामले के तहत की गई है। कार्रवाई के दौरान लाखो रूपये के आभूषण, मकान और जमीन के दस्तावेज, बैंक एकाउंट और निवेश से सबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं।

इसके अलावा एसीबी ने कबीरधाम जिले के निलंबित सहायक लेखा अधिकारी नरेंद्र राउतकर के आनंद विहार स्थित मकान के अलावा दो अन्य ठिकानों पर भी छापा मारा है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत बोड़ला के सहायक लेखा अधिकारी को एसीबी ने बीते बारह सितंबर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

**दुर्घटना**

रायपुर से अंबिकापुर जा रही कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सरगुजा जिले के ग्राम गुमगा के पास आज सुबह करीब पांच बजे हुई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। सभी मृतक रायपुर के चंगोराभाठा क्षेत्र के निवासी थे। घटनास्थल पर पुलिस और राहत दल की टीम पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर और उनकी टीम ने कटर की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला।

वहीं, दुर्ग जिले में स्कूटी सवार नर्स की नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। मृतक नर्स दुर्ग जिला अस्पताल में पदस्थ थीं।

**केंद्रीय मंत्री–कोरबा**

केंद्रीय राज्यमंत्री वी. सोमन्ना ने कोरबा प्रवास के दौरान आकांक्षी जिले के निर्धारित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले में विकास की संभावनाएं बताई और कहा कि गरीबी उन्मूलन तथा सामाजिक विकास के लिए कन्वर्जन, कॉलेब्रेशन और कॉम्पटीशन के आधार पर कार्य करना होगा।

अपने कोरबा प्रवास के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री वी. सोमन्ना ने जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया।

**केंद्रीय राज्यमंत्री–दुग्ध वितरण कार्यक्रम**

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर जिले के सेंदरी से पोषणयुक्त दुग्ध वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत बिलासपुर जिले के तैंतालीस विद्यालयों के चार हजार पांच सौ संतावन विद्यार्थियों को हर दिन दो सौ मिलीलीटर दूध मिलेगा। दुग्ध वितरण कार्यक्रम के तहत मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड और राजनांदगांव जिले को भी शामिल किया गया है। इन तीन जिलों के आठ हजार विद्यार्थियों को प्रतिदिन दुग्ध वितरण किया जाएगा।

**सीपत स्वास्थ्य केन्द्र–रिनोवेशन**

बिलासपुर जिले के सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से रिनोवेशन किया जाएगा। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने अस्पताल भवन और परिसर का निरीक्षण कर डॉक्टरों और इंजीनियरों के साथ बैठक कर रिनोवेशन की कार्ययोजना बनाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को अगले तीन महीनों में रिनोवेशन का काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने

मरीजों से भी मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। श्री शरण ने ठंड को लेकर जिले के सभी अस्पतालों में तीन दिनों में मरीजों के लिए कंबल की व्यवस्था करने को कहा।

## सेना भर्ती रैली

सेना भर्ती कार्यालय द्वारा रायगढ़ जिले में चार से बारह दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में प्रदेश के सभी तैंतीस जिलों के आठ हजार पांच सौ छप्पन पुरुष उम्मीदवार शामिल होंगे। रैली के लिए उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण फरवरी—मार्च महीने में ऑनलाइन किया गया था और अप्रैल—मई महीने में ऑनलाइन सीईई परीक्षा का आयोजन किया गया था। उम्मीदवारों को अपने साथ रैली एडमिट कार्ड, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक की मार्कशीट, स्थानीय निवास प्रमाण—पत्र, जाति प्रमाण—पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी, खेल, आईटीआई, ड्राइविंग लाइसेंस, रिलेशनशिप सर्टिफिकेट और जेआईए तथा आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा। रायगढ़ जिला प्रशासन की ओर से उम्मीदवारों के ठहरने, रायगढ़ रेलवे स्टेशन तथा रायगढ़ बस स्टैंड से लाने और ले जाने के लिए बस की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

## महतारी शक्ति ऋण योजना

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने 'महतारी शक्ति ऋण योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह योजना माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शुभारंभ कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा भी मौजूद थे।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल—

चक्रवात "फीजल" के असर से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। इसके असर से राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में आज हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में कल दो दिसंबर को मध्य छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा होने तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में गरज—चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। बस्तर संभाग में चार दिसंबर तक वर्षा हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल भी बादल छाए रहेंगे, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने और छींटे पड़ने की संभावना है। उत्तर छत्तीसगढ में तीन दिसम्बर से बादल हटने शुरू हो जाएंगे। वहीं, चार दिसंबर को मौसम साफ होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल दो दिसंबर को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

— बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर के विमानतलों में विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने तेईस करोड़ चौंसठ लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से इन एयरपोर्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

— राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, और संरगुजा संभाग के विभिन्न अस्पतालों में तिरासी चिकित्सा अधिकारियों की संविदा आधार पर नियुक्ति की गई है।

— रायगढ के जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के एलडीपी प्लांट में बीती रात हुए हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य कर्मचारी को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है।

–		सक्ती जिले की मालखरौदा पुलिस ने रकम दोगुना करने का झांसा देकर सीपत गांव के छह लोगों से करीब साढ़े दस लाख रूपये की ठगी करने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>